प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 शुक्रवार दिनांक 05.07.2024

मुख्य समाचारः–

- नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिलों में चलाए जा रहे संपूर्णता अभियान का आज केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने गौरेला विकासखंड की ग्राम पंचायत सारबहरा में किया शुभारंभ।
- जांजगीर–चांपा और कोरबा में आज कुएं में विषैली गैस रिसने की दो अलग–अलग घटनाओं में नौ लोगों की मौत।
- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत जशपुर जिले के बगिया में अपनी माताजी के सम्मान में पौधरोपण किया।
- राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए प्रदेश में कल छह जुलाई से राजस्व पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा।

'संपूर्णता अभियान'

नीति आयोग द्वारा देशभर के आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों में इन दिनों 'संपूर्णता अभियान' चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने आज गौरेला विकाखण्ड के ग्राम पंचायत सारबहरा में संपूर्णता अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य आकांक्षी ब्लॉक के सभी हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाना है। उन्होंने नीति आयोग द्वारा निर्देशित छह इंडीकेटरों पर शत–प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का आह्वान किया।

वहीं, कोरिया जिले के बैकुण्ठपुर में विधायक भैयालाल राजवाड़े ने संपूर्णता अभियान का शुभारंभ किया। मानस भवन में आयोजित कार्यक्रम में संपूर्णता अभियान की रूप रेखा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

उधर, नारायणपुर जिले के ओरछा में संपूर्णता अभियान का आयोजन कर लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी स्थानीय भाषा गोंडी में दी गई। इस दौरान ग्रामीणों को निःशुल्क बीज, वृक्ष और उनका स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयों का वितरण भी किया गया।

इधर, महासमुंद जिले के विकासखण्ड पिथौरा के गोडबहाल ग्राम में संपूर्णता अभियान का आयोजन किया गया। कलेक्टर प्रभात मलिक, नीति आयोग के कंसलटेंट कनिष्क जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, सीईओ एस. आलोक सहित अतिथियों ने इस अभियान का शुभारंभ किया। इससे पहले, स्कूली विद्यार्थियों ने गांव में जागरूकता रैली निकाली और संपूर्णता अभियान की रूपरेखा के बारे में लोगों को जानकारी दी। साथ ही योजनाओं के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया।

उधर, दंतेवाड़ा के इंडोर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में विधायक चैतराम अटामी ने उपस्थित लोगों को संपूर्णता अभियान की शपथ दिलाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री अटामी ने कहा कि नीति आयोग द्वारा जिले को छह प्रमुख विकास सूचकांक दिए गए हैं। इन सभी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल पर प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ भारत मिशन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, गर्भवती पोषण आहार और स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टॉल लगाए गए। साथ ही स्कूली बच्चों के लिए चित्रकला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं।

कुंआ–मौत

जांजगीर–चांपा और कोरबा में आज कुएं में विषैली गैस रिसने की दो अलग–अलग घटनाओं में नौ लोगों की मौत हो गई है।

पहली घटना जांजगीर–चांपा ज़िले में हुई, जहां कुएँ की सफ़ाई के दौरान पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक ही परिवार के तीन सदस्य शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार जिले के बिर्रा क्षेत्र के किकिरदा गांव में बारिश और तेज हवा चलने के कारण लकड़ी का छप्पर कुएं के अंदर गिर गया था। जिसे निकालने गांव का एक आदमी कुएं के अंदर गया, जो काफी देर तक वापस नहीं आया। इसके बाद एक–एक कर चार लोग और कुएं में उतरे और वापस बाहर नहीं आ सके। आशंका जताई जा रही है कि काफी दिनों से बंद रहने के कारण कुएं में जहरीली गैस निकलने लगी, जिसकी चपेट में आने से इन पांचों लोगों की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

वहीं, कोरबा जिले के ग्राम जुराली के डिपरा पारा में कुएं में गिरे ग्रामीण को बचाने की जद्दोजहद में एक ही परिवार के चार लोगों की मृत्यु हो गई। बताया जा रहा है कि कुएं में एक ग्रामीण के गिरने के बाद उसे बचाने के लिए उसकी बेटी भी कुएं में कूद गयी। इसके बाद परिवार के ही दो अन्य लोग भी कुएं में नीचे उतरे। लेकिन एक के बाद एक सभी की मृत्यु हो गयी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इन दोनों घटनाओं पर शोक जताया है। मुख्यमंत्री ने इन घटनाओं में मारे गए लोगों के परिजनों को नौ–नौ लाख रूपए की सहायता राशि देने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। इनमें से पांच लाख रूपए मुख्यमंत्री सहायता कोष से और चार लाख रूपए आरबीसी छह–चार के अंतर्गत दिए जाएंगे।

<u>मुख्यमंत्री–'एक पेड़ मां के नाम'</u>

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत जशपुर जिले के बगिया में अपनी माताजी के सम्मान में पौधरोपण किया। उन्होंने शासकीय हाईस्कूल बगिया परिसर में रुद्राक्ष का पौधा लगाया। उन्होंने कहा कि इस अभियान अंतर्गत लगे पौधे जननी और जन्मभूमि के रिश्ते को एक नई पहचान देंगे। मुख्यमंत्री राज्य स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में शामिल होने यहां पहुंचे थे। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय ने भी रुद्राक्ष का पौधा लगाया। वहीं प्रदेश के वित्त मंत्री और जशपुर जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी. चौधरी ने आंवले का पौधा लगाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई इस मुहिम से हम सबको जुड़ते हुए पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान जरूर देना चाहिए।

<u>मुख्यमंत्री–शाला प्रवेश उत्सव</u>

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज जशपुर जिले के ग्राम बगिया में आयोजित राज्य स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने प्रवेशोत्सव पर आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विकसित छत्तीसगढ़ दो हजार सैंतालीस के विजन पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बच्चों की पढ़ाई लिखाई पर छत्तीसगढ़ में जितनी मेहनत और जतन किए जा रहे हैं, उससे निश्चित ही स्वर्णिम भविष्य के लिए ठोस नींव रखी जा रही है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने नवमीं की तीस छात्राओं को साइकिल वितरित की।

<u>"राज्य युवा सभा"</u>

छत्तीसगढ़ में युवाओं को राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में शामिल करने "नेहरू युवा केन्द रायपुर द्वारा विधानसभा परिसर में एक दिवसीय "राज्य युवा सभा" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने किया। इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप, छत्तीसगढ़ विधान सभा के सचिव दिनेश शर्मा, नेहरू युवा केन्द्र के राज्य निदेशक श्रीकान्त पाण्डेय, यूनिसेफ उड़िसा और छत्तीसगढ़ के प्रमुख विलियम–हेडलान, श्वेता पटनायक और अभिषेक सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम में एक सौ छियालीस विकासखंड के लगभग एक सौ अस्सी छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने कहा कि वृक्षारोपण और पर्यावरण सुधार के लिए देश और प्रदेश में "आक्सीजोन" का निर्माण किया जाना चाहिए। उन्होंने घरों में सौर ऊर्जा पैनल लगाए जाने और वाटर रीचार्ज करने पर भी जोर दिया।

इसके अलावा कार्यक्रम को वन मंत्री केदार कश्यप, विधान सभा सचिव दिनेश शर्मा और ''नेहरू युवा केन्द्र संगठन'' के अर्पित तिवारी ने भी संबोधित किया।

उप मुख्यमंत्री–राशि मंजूर

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कल नई दिल्ली में केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ के विभिन्न नगरीय निकायों की योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने राज्य के शहरों की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के लिए आवश्यक राशि स्वीकृत करने का आग्रह किया।

राजस्व पखवाड़ा

राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए प्रदेश में कल छह जुलाई से राजस्व पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। बीस जुलाई तक चलने वाले इस पखवाड़े के तहत शिविरों की जानकारी ग्रामीणों को देने प्रत्येक ग्राम पंचायत में कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराने के निर्देश दिए गए हैं। इन शिविरों में प्राप्त होने वाले आवेदनों जैसे – फौती, नामांतरण और बंटवारा, अभिलेख त्रुटि सुधार के प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। इसी तरह, आय, जाति, निवास प्रमाण–पत्र संबंधी सभी आवेदनों का भी शिविर स्थल पर ही लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से आनलाईन प्रविष्टि और समय–सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा बी–वन, खसरा और किसान किताब के प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों और उन पर की गई कार्यवाही की जानकारी हर दिन निर्धारित प्रपत्र में कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

बातों–बातों में

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर उच्च शिक्षा विभाग के सचिव प्रसन्ना आर. से ली गई भेंटवार्ता प्रसारित की जाएगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी केंद्र रायपुर से कल छह जुलाई को सुबह साढ़े दस बजे से प्रसारित होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

गोंचा महापर्व

बस्तर में बाईस जून से शुरू हुए गोंचा महापर्व के तहत कल नेत्रोत्सव पूजा विधान की रस्म निभाई जाएगी। वहीं, सात जुलाई को पूजा विधान के साथ श्रीगोंचा रथयात्रा निकाली जाएगी, जिसमें भगवान श्री जगन्नाथ, माता सुभद्रा और बलभद्र के बाईस विग्रहों को तीन रथों में बैठाकर परिकमा कराई जाएगी। इसके बाद जनकपुरी सिरहासार भवन में प्रतिमाओं को विराजित किया जाएगा।

गौरतलब है कि बस्तर में पारंपरिक गोंचा महापर्व सत्रह जुलाई तक मनाया जाएगा।

रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय

आज रायपुर के धनेली इलाके में स्थित रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों और इंडो–नेपाल यूथ गेम्स में पदक जीतने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत बीते दस वर्षों में विश्व गुरू बनने की दिशा में आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि इन दस वर्षों में मजबूत भारत की नींव रखी गई है।

मौसम

प्रदेश में कल सरगुजा संभाग और उससे लगे जिलों के कुछ स्थानों में भारी वर्षा हो सकती है। वहीं, राज्य के अनेक स्थानों में कल हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग ने सरगुजा संभाग के कुछ स्थानों में वज्रपात होने और अंधड़ चलने की आशंका भी व्यक्ति की है।